Regarding Need to construct a railway overbridge at level crossing No. 19 near Jotana Railway Station in Mahesana Parliamentary Constituency, Gujarat- Laid

श्री हरीभाई पटेल **(महेसाणा) :** मैं माननीय रेल मंत्रीजी भारत सरकार का ध्यान अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाणा लोकसभा के अन्तर्गत मेहसाणा रेलवे खण्ड स्थित वीरगाम-मेहसाणा रेलवे खण्ड स्थित जोटाणा रेलवे स्टेशन के समपार फाटक संख्या-19, की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ जहां रेलवे विभाग, अहमदाबाद द्वारा अन्डरब्रिज का निर्माण कार्य कराया जा रहा है । परन्तु यहां की जनता व किसानों की मांग व आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यहां रेलवे लाईन पर ओवरब्रिज बनवाने की मांग है । अतः मेरा विनम्र आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र मेहसाणा लोकसभा में स्थित वीरगाम-मेहसाणा रेलवे खण्ड में स्थित जोटाणा रेलवे स्टेशन के समपार फाटक संख्या-19, पर अन्डरब्रिज के स्थान पर ओवरब्रिज बनवाने की कृपा करें जिससे जनहित में जनता व किसानों को सुविधा प्राप्त हो सकें ।